हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्काउट ....



13 सरकारी कामकाज होगा अब पारदर्शी और कागज ...



# भूस्खलन स्थल पर सीसी टीवी कैमरे से 24 घंटे रखी जा रही नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईस्ट कोस्ट रेल जोन के रायगड़ा रेल मन्डल अंतर्गत पिछले बुधवार को केके रेल लाइन के मल्लिगुड़ा-जरटी के मध्य भूस्खलन की घटना के 48 घण्टों में की गई मरम्मत व सुधार कार्य के बाद शुक्रवार की शाम 6 बजे ट्रेक फीट कर दी गई। दो दिनों से बाधित किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन भले ही बहाल हो गया, लेकिन आज 5 दिन हो गए इस लाइन पर यात्री ट्रेनो का परिचालन बंद है। हालांकि ट्रेक फ़ीट देने के बाद से पिछले 3 दिनों से मालगाड़ियों का परिचालन हो रहा है। घटनास्थल पर मालगाड़ियां 10 से 20 किमी की रफ्तार से चलाई जा रही है। कारण अभी भी खतरा पूरी तरह से टला नही है। सिंगल लाइन होने की वजह से ट्रेक फ़ीट देने के 3 दिनों के बाद भी घटना स्थल से यात्री ट्रेनो का परिचालन रोका गया है। यही कारण है,कि कोरापुट से जैपुर ओडिशा , जगदलपुर और किरन्दुल के बीच यात्री ट्रेनों का परिवहन नहीं किया जा रहा है। विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय ने 7 जुलाई तक यात्री ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगाई थी। इसके बाद यात्री ट्रेनों का परिचालन करने के संकेत दिए थे। लेकिन 7 जुलाई के बाद भी यात्री ट्रेनो का परिचालन नियमित किया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कोरापुट से जगदलपुर और किरन्दुल तक यात्री ट्रेनों के परिचालन पर संशय

अलग खबर

### आज से यात्री ट्रेनों का परिचालन

विशाखापटनम रेल मंडल के सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर के संदीप के अनुसार यदि सब कुछ ठीक रहा तो 8 जुलाई यानी मंगलवार से किरन्दुल-जगदलपुर से कोरापुट-विशाखापटनम-रायगड़ा की ओर जाने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाएगा। भूस्खलन घटना के बाद बुधवार से किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली यात्री ट्रेनों के पहिये थमी रही। जिसके चलते बस्तर और जयपुर ओडिशा के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### जरटी स्टेशन के ट्रेक का निरीक्षण

भारी बारिश के चलते घटना स्थल से लगभग 8 किमी दूर कोरापुट की ओर स्थित जरटी स्टेशन के दो रेल ट्रैक धनुषाकार होने की घटना से रेल प्रबंधन को चिंता में डाल दिया है। सोमवार को भुवनेश्वर से घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे चीफ इंजीनियर कन्ट्रेक्शन अशोक कुमार जरटी स्टेशन के दोनों ट्रेक का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ रेल मंडल विशाखापटनम के डीआरएम ललित बोहरा, सीनियर डीइएन कन्ट्रेक्शन,सीनियर डीओएम व अन्य वरिष्ठ मंडल रेल अधिकारी सम्मिलित थे।

## खबर संक्षेप

### सर्व समाज समन्वय महासभा के जिला अध्यक्ष बने तपन और चमेली



**जगदलपुर।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ की बैठक रविवार को चित्रांश भवन में हुई। यह बैठक महासभा के प्रांत अध्यक्ष डॉ. संजय वशिष्ट के मार्गदर्शन में रखा गया था जिसमें महासभा के प्रांत निर्देशक रमाशंकर श्रीवास्तव कांकेर एवं महामंत्री रायपुर से सुषमा पटनायक की उपस्थिति में बस्तर जिला महासभा का गठन किया गया । जिसमें अध्यक्ष तपन राय एवं सचिव संतोष श्रीवास्तव को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। वहीं नारी शक्ति का गठन किया गया जिसमें चमेली जीराम को अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू को सचिव मनोनित किया गया। बैठक की शुरूआत भगवान श्रीराम एवं भारत माता की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ । सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया। प्रांतीय निदेशक एवं संगठन महामंत्री ने महासभा के गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही छुआछूत एवं जाति के भेदभाव को छोड़कर सभी समाज को एक होकर एक सुंदर हिन्दू समाज के निर्माण पर बल दिया। साथ ही समाज के छोटे से लेकर बड़ी समस्याओं को आपस में मिलकर समाधान निकालने पर जोर दिया। बैठक में नरेन्द्र दुबे, पंडित सुरेन्द्र तिवारी, खगेश्वर सिंग ठाकुर, खगेश्वर बघेल, प्रकाश राव नायडू, पुनीत साहू, गणेश नावंशी, झरना मोहंती, शंकुतला कश्यप, किरण सेन, लता जीराम, कुंडो गड़मिया, लक्ष्मी दास, सुलोचना मंडावी, सुप्रिया श्रीवास्तव, सुमित्रा सेठिया सहित अन्य समाज के नागरिक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन रमांशकर श्रीवास्ताव ने किया।

### शिविर में युवाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

**जगदलपुर।** युवाओं को स्वरोजगार की ओर आकर्षित करने सोमवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आड़ावाल में उद्यमिता विकास जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आईटीआई सहित पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आरसेटी के प्रशिक्षणार्थियों को विभाग में संचालित प्रमुख स्वरोजगार योजनाओं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम के तहत स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेजेण्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जिसमें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत प्रेजेण्टेशन में स्थानीय उत्पाद कोदो-कुटकी, इमली एवं मुनगा से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों का विडियो रूपांतरण भी दिखाया गया। उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबन्धक अजित सुन्दर विलुंग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कार्यालय में संचालित योजनाओं के वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित कर हरसंभव सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया । शिविर में उद्योग विभाग के प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार एवं लोकेश खापर्डे द्वारा योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी सहित आवेदन प्रक्रिया एवं बैंक की सहायता इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित आईटीआई के प्राचार्य सहित आरसेटी एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के अधिकारी तथा इन संस्थानों के कर्मचारियों तथा प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया पौधारोपण



**गीदम।** ब्लॉक के हीरानार में भारतीय जनता पार्टी मंडल गीदम द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुश्री अन्ति वेक, जनपद अध्यक्ष गीदम शकुंतला भास्कर, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, अजय अवस्थी, लोकेंद्र ठाकुर, अजय नागेश, सूरज ठाकुर, अनिश जॉर्ज, आदर्श ओसवाल, शैलेंद्र सिंह, राहुल सोनवानी व भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई व वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही डॉ. मुखर्जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## विडंबना : टीसी निकालकर अन्य स्कूलों में विद्यार्थी ले रहे दाखिला

# बालक शाला में विषय शिक्षकों की कमी, बच्चे छोड़ रहे स्कूल

रसायन के शिक्षक 7 वर्षों से ज्ञानगुड़ी में अटैच, यहां के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालक बस्तर में कक्षा छठवीं से 12वीं तक 250 बच्चे अध्यनरत है। शिक्षकों की कमी विगत 7 से 8 वर्षों से है जिसके कारण शाला के बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाने के बावजूद आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हुआ है। यह स्कूल ब्लॉक मुख्यालय बस्तर का सबसे पुराना स्कूल है जो आजादी के बाद से संचालित हो रहा है।

विडंबना यह है कि स्कूल में शिक्षकों की कमी से स्थानीय छात्र प्रवेश न लेकर दूसरे गांव के स्कूल जो बस्तर ब्लाक मुख्यालय से 10 से 12 किमी पर है, वहां के स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार स्कूलों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए युक्तियुक्तकरण किया। जिससे सभी स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था की जा सके वहीं पढ़ाई व्यवस्था दुरस्त किया जा सके। वहीं दूसरी ▶▶| शेष पेज 12 पर



### जनप्रतिनिधि आश्वासन देकर चले जाते हैं

*स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण पेड़ पौधे को जानवर चट जाते हैं। कई बार बाउंड्रीवाल की मांग की गई । आने जाने के लिए सड़क मार्ग नहीं होने से कच्ची सड़क में आना जाना करना पड़ता है। साइकिल स्टैंड व पेयजल व्यवस्था किचन सेट भी उपलब्ध नहीं है। स्थानीय विधायक लखेश्वर बघेल से स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मांग किया गया था। लेकिन आज तक मांग पूरा नहीं हुआ।*

### ज्ञानगुड़ी से वापस लाने चर्चा करेंगी

शिक्षकों की कमी को जिला शिक्षा अधिकारी व कलेक्टर के संज्ञान में लाकर व्यवस्था की जाएगी। रसायन के शिक्षक ज्ञानगुड़ी में अटैच है उनको जिला शिक्षा अधिकारी से वापस लाने पर चर्चा की गई है।

\- भारती देवांगन विकास खंड शिक्षा अधिकारी, बस्तर

### ज्ञानगुड़ी से न हटाकर कहीं और से करेंगे व्यवस्था

ज्ञानगुड़ी में 3 टीचर अटैच है कलेक्टर के निर्देश पर वे वहां काम कर रहे हैं। बस्तर के बालक शाला में विषय शिक्षकों की कमी से बच्चों को नुकसान हो रहा है। वहां अन्य जगह से शिक्षकों को भेजा जाएगा ताकि छात्रों को पढ़ाई में नुकसान न हो।

\- बलिराम बघेल जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर

### ज्ञानगुड़ी में अटैच होने से बच्चों का ज्ञान शून्य

विषयवार शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों को पढ़ाई में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद बालक बस्तर में विज्ञान, गणित, कृषि, कला ,कॉमर्स के विषय हैं पर विषयवार शिक्षक नहीं होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। भौतिकी विषय में 10 वर्ष से शिक्षक नहीं है। रसायन के शिक्षक 8 वर्षों से ज्ञानगुणी धरमपुरा में अटैच है। कृषि, जीव विज्ञान व गणित विषय में एक-एक शिक्षक है। 9 वीं से 12वीं तक अध्यापन इन्हीं शिक्षकों के द्वारा करवाया जा रहा है। जबकि दो-दो शिक्षको की जरुरत है।

### कई बार निवेदन फिर भी समाधान नहीं

प्राचार्य पीआर लाउत्रे ने बताया कि 32 का सेटअप हैं परंतु 22 ही पदस्थ हैं। उनमें से भी एक ज्ञानगुड़ी में अटैच है। जिसमें गणित के एक, जीव विज्ञान के एक,भौतिकी के एक,रसायन के एक, वाणिज्य के एक,प्रयोगशाला के शिक्षक तीन एवं प्राचार्य सहित 12 पद रिक्त है। उन्होंने शिक्षकों की कमी के बारे में विकासखंड शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी को कई बार पत्र के माध्यम से सूचना दिया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। शिक्षकों की कमी के कारण स्कूल में पढ़ाई बाधित हो रही है। खासकर 11वीं 12वीं के विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं है।

## 2 स्टेट के 2 तस्कर से हुआ 1.66 लाख का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगरनार व कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा

नगरनार व कोतवाली पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटे के अंतराल में मादक पदार्थ गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी छग के बस्तर व एमपी के देवास निवासी बताए जा रहे है जो अवैध गांजा ओडिशा से लाकर ले जाने प्रयासरत थे। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार निरीक्षक संतोष सिंह व थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। नगरनार पुलिस की टीम द्वारा



ग्राम धनपुंजी स्थित आरटीओ नाका एनएच 63 से एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुनील केंवट 23 साल निवासी मेल पिपलिया पोस्ट उमरिया थाना खातेगांव जिला देवास एमपी का रहने वाला बताया उसके कब्जे से 5 पैकेट कुल बजन 15.221 किलो गांजा कीमत 1 लाख 52 हजार रूपए व एक मोबाईल बरामद किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक खेदुराम ठाकुर, पीलेश्वरी साहु, आरक्षक विक्रम सिंह उरांव, दशरू नाग, राधाकृष्ण राय, चंद्रकुमार कंवर व सैनिक राजकुमार कश्यप की अहम ▶▶| शेष पेज 12 पर

### डोंगाघाट का तस्कर गिरफ्तार

गांजा तस्करी के एक अन्य मामले में कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बिक्री करते आरोपी को एनएच 30 रायपुर रोड डोंगाघाट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी सुनील नाग 45 साल निवासी डोंगाघाट थाना कोतवाली के कब्जे से 1 किलो 425 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 14 हजार रूपए आंका गया है। आरोपी पेट्रोल पम्प के पास खड़ी ट्रक के पीछे गांजा बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहा था। दोनों मामले में गांजा तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

## जंतुओं का गुण विद्यार्थियों को आत्मसात करना चाहिए : त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राणी विज्ञान परिषद का सत्रीय समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ अतुल त्रिवेदी विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान स्वामी आत्मानंद मॉडल कॉलेज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया की इवोल्यूशन की तरह विद्यार्थियों के ज्ञान और जीवन में भी उत्तरोत्तर परिवर्तन होते रहना चाहिए । उन्होंने जंतुओं का उदाहरण देकर उनके गुण विद्यार्थियों को आत्मसात करने को कहा । विशिष्ट अतिथि एन के पटेल, केमिस्ट, छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल ने पर्यावरण के प्रति जागरुकता के विषय में वक्तव्य दिया। प्राणी विज्ञान परिषद के अध्यक्ष कु. ईशा रथ, उपाध्यक्ष कु. सिमरन वट्टी और सहसचिव समीर सोढ़ी ने शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया । सचिव कु विनीता नेताम ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया परिषद ने गत वर्ष सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी कु योगिता पाणिग्रही को सम्मानित किया। प्राणी विज्ञान विषय में इस महाविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने सेट परीक्षा उत्तीर्ण की और सहायक प्राध्यापक बनने की पात्रता प्राप्त की इस अवसर पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने कनिष्ठ विद्यार्थियों को दीपदान के माध्यम से अपने कर्तव्यों को हस्तांतरित किया और कर्तव्य परायणता के विषय में समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एमएससी प्राणी विज्ञान के विद्यार्थी और शिक्षक एस के दत्ता, कल्पना वट्टी, किशन कुमार मरावी, होलेश कुमार साहू और शालिनी गुप्ता उपस्थित थे। वर्ष भर आयोजित सेमिनार में वरिष्ठ वर्ग से कु साधना मोहंती और कनिष्ठ वर्ग से समीर सोढ़ी ने स्थान प्राप्त कर प्रमाण पत्र हासिल किया।

## फुटबाल अकादमी ने लिटिल स्टार उपनपाल को 9 गोल से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगरनार ने लालबाग को 6-1 से हराया

सिद्वार्थ मिश्रा स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में फुटबाल अकादमी ने लिटिल स्टार उपनपाल को 9 गोल से हराया। दूसरे मैच में न्यू युवा क्लब नगरनार ने लालबाग को 6-1 से हराया। पहले मैच में आशिष खरे ने 2 गोल, अमित नाग ने 3 गोल, अयुशुभ सोनी ने 2 गोल तथा रोहित भारती और आयुष दास ने 1 -1 गोल मारकर फुटबाल अकादमी को 9 -0 से जीत दिला दी । इस मैच के निर्णायक उमाशंकर दिपक, दिपक डहरिया, विक्की पोडाल और राहुल लाल थे। दूसरे मैच में लालबाग टीम की ओर से शिवम महतो ने एक गोल दागे। वहीं नगरनार टीम के खिलाड़ी शुभांशु ने 2 गोल, रमेश कश्यप ने 2 गोल तथा बलराम और खगपति ने एक एक गोल दागकर अपनी टीम को 6-1 से जीता दिया। इस मैच के निर्णायक रहे विश्वजित भट्टाचार्य, सुमित नाग, मोतीलाल पोयाम तथा सुरज खरे।



### आज खेले जाएंगे दो मैच

मंगलवार को पहला मैच नगरनार और जंगबाज फुटबाल क्लब के बीच तथा दूसरा मैच भेजापदर और मैत्री संघ के बीच खेला जाएगा।

## विजेता खिलाड़ियों को नकद व ट्राली से किया गया पुरस्कृत

# बुद्धि और विवेक का खेल है शतरंज : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ टूर्नामेंट में लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया

खेल एवं युवा कल्याण विभाग और छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ बस्तर ने संभाग स्तरीय टूर्नामेंट 6 जुलाई को आयोजित किया। यह टूर्नामेंट अंडर 9 , 12 , 15 और अंडर 19 बालक - बालिका और महिला एवं पुरुष वर्ग में ओपन रखा गया था।शुभारंभ रामकृष्ण डीएफओ बीजापुर, डा. दीक्षा , एवं जहीर खान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समापन और पुरस्कार वितरण में संजय पांडेय, महापौर, राजेश त्रिपाठी, सचिव बैडमिंटन संघ उपस्थित थे ।

महापौर ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हार में भी जीत छिपी है। यह बुद्धि और विवेक का खेल है, इसमें निर्णय क्षमता और खेल की प्लानिंग करनी पड़ती है। जो जीवन में भी काम आती है योजनाबद्ध तरीके से खेल संयोजन करना पड़ता है और आगे बढ़ना पड़ता है। जो बेहतर प्लानिंग और मोहरों के संयोजन के साथ खेलता है वह विजेता बनता है । उन्होंने विजेताओं को ट्राफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया । जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया जो बस्तर जैसे क्षेत्र में उपलब्धि मानी जा सकती है। उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र के बच्चों को प्रदेश और देश के नक्शे पर लाना और बस्तर का नाम रौशन करना प्रमुख उद्देश्य है और इस उद्देश्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिलते रहता है। इस आयोजन में भी छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ का योगदान प्राप्त हुआ है। इस टूर्नामेंट में लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रायपुर से आए राकी देवांगन चीफ आर्बिटर के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 12 पर



### इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में लोकेश पांडे, सुकीर्ति तिवारी, मंजू सारथी, प्रिया पांडे, मीनेश पाणिग्रही,सेन दंपति,बबीता बंजारा, अभिषेक जेना,आशीष, तौसीफ, मकसूदा हुसैन , रोहित तिवारी, प्रदीप साहू, कोटेश्वर राव, विनय सिंधे, ध्रुव दंपति,हर्ष शेंडे, इनका भी योगदान सराहनीय रहा । सचिव हितेश तिवारी ने सफलता का श्रेय बस्तर के स्कूलों के प्राचार्य, पी टी आई , विद्यार्थियों, और अभिभावकों को दिया। शुभारंभ और समापन कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा सरोज ने किया जबकि आभार प्रदर्शन केन्द्रीय सूचना ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी बी एस ध्रुव ने किया।



## थाना के समीप गड्ढा, गिर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के बोधघाट थाना के समीप मुख्य मार्ग में एक बड़ा गड्ढा हो गया है। जिसे सुधारने की जरूरत संबंधित विभाग के द्वारा नही कि जा रही है । गड्ढे में पानी भरने से आने जाने वालो को इसका पता नही लग पाता और वे गिरकर चोटिल हो रहे है। विशेषकर दुपहिया वाहन सवार अनेक लोग यहां गिर चुके है। वार्ड के पूर्व पार्षद कौशिक शुक्ला ने लोगों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक पुलिस को जानकारी दी है। लेकिन मार्ग को दुरस्त नही किया गया है। मुख्य मार्ग होने से यहां 24 घंटे आवागमन जारी रहता है। पूर्व पार्षद ने जनहित में तथा लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल गड्ढो को पाटने की जरूरत बताई है।

